मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः30.10.2025

थाना अहरौरा पुलिस द्वारा 04 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का आनाज कुल 249.05 किग्रा0, 02 गैस सिलेन्डर, 01 चुल्हा ,बर्तन व 01 समर सेबुल पम्प तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा मैजिक बरामद —

थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर पर दिनांकः29.10.2025 को वादी हेमन्त कुमार सिंह प्रधानाध्यपक प्राथमिक विद्यालय धुरियाँ जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात चोरों के विरूद्ध वादी के विद्यालय का ताला तोड़कर रसोई घर एवं स्टोर रूम से 02 गैस सिलेन्डर एवं गैस चुल्हा ,एक बड़ा फगौना, 03 बोरी चावल,02 बोरी गेंहु, 10 किग्रा0 अरहर की दाल, थाली व स्टील का डब्बा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0-257/2025 धारा 317(e),303(2) बीएनएस अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

““सोमेन बर्मा” वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अज्ञात अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु थाना प्रभारी अहरौरा को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांकः 29.10.2025 को थाना अहरौरा पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुदारन बाजार के पास से चार पहिया वाहन टाटा मैजिक (वाहन संख्या-UP65JT6084) सवार 04 शातिर अभियुक्तों 1. सूरज कुमार पुत्र संकठा निवासी ग्राम धुरिया थाना अहरौरा मीरजापुर, 2. सूर्यभान पुत्र रामजीत निवासी ग्राम जिगना थाना अहरौरा मीरजापुर, 3. मोनू कुमार पुत्र मुन्नू बिन्द निवासी ग्राम घाटमपुर थाना अहरौरा मीरजापुर व 4. घनश्याम पुत्र स्व0 शिवधनी निवासी ग्राम जिगना थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। मौके से गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का आनाज कुल 249.05 किग्रा0, 02 गैस सिलेन्डर इण्डेन, 01 समर सेबुल 01 चुल्हा सिंगल बर्नर ,01 बड़ा भगौना एल्मूमिनियम ,06 थाली (स्टील) व 01 बड़ा डब्बा (स्टील) तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक वाहन को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0-257/2025 धारा 317(e),303(2),317(2) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1. सूरज कुमार पुत्र संकठा निवासी ग्राम धुरिया थाना अहरौरा मीरजापुर उम्र करीब- 21 वर्ष
2. सूर्यभान पुत्र रामजीत निवासी ग्राम जिगना थाना अहरौरा मीरजापुर उम्र करीब-19 वर्ष
3. मोनू कुमार पुत्र मुन्नू बिन्द निवासी ग्राम घाटमपुर थाना अहरौरा मीरजापुर उम्र करीब- 19 वर्ष

4. घनश्याम पुत्र स्व0 शिवधनी निवासी ग्राम जिगना थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर उम्र करीब- 29 वर्ष

पंजीकृत अभियोग—

मु0अ0सं0-257/2025 धारा 317(e),303(2),317(2) बीएनएस थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

मु0अ0सं0-231/2025 धारा 317(e),303(2),317(2) बीएनएस थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

विवरण बरामदगी—

आनाज (गेंहु-94.9 किग्रा0,चावल-343.95 किग्रा0 व दाल-10 किग्रा0) कुल 249.05 किग्रा0, 02 गैस सिलेन्डर इण्डेन, 01 समर सेबुल 01 चुल्हा सिंगल बर्नर ,01 बड़ा भगौना एल्मूमिनियम ,06 थाली (स्टील) व 01 बड़ा डब्बा (स्टील) तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त चार पहिया टाटा मैजिक वाहन संख्याःUP65JT6084।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

ग्राम कुदारन बाजार के पास से दिनांकः29.10.2025 को 21.46 बजे

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

निरीक्षक सदानन्द सिंह,प्रभारी निरीक्षक थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

उ0नि0 रामदरश यादव,उ0नि0 शिव बाबू सिंह,मु0आ0 आशीष राय,शशि प्रताप सिंह,नरेन्द्र सिंह,रामबाबू सोनकर मय पुलिस टीम थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

****